सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-624
21/12/2017

मुख्यमंत्री ने गोपालगंज के सासामुसा निजी चीनी मिल में हुये हादसे में मरने वालों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है

सभी मृतकों के परिजनों को 04–04 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान दिये जायेंगे

पटना, 21 दिसम्बर 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने गोपालगंज जिले के सासामुसा निजी चीनी मिल के बॉयलर फटने से हुये हादसे में मरने वालों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने इस हादसे को अत्यंत दुखद बताया और इस हादसे में मृत लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है एवं दुख की इस घड़ी में मृतक के शोक संतप्त परिजनों को धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री ने हादसे में मारे गये सभी मृतकों के परिजनों को 04–04 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने हेतु आपदा प्रबंधन विभाग को निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने हादसे में घायलों का समुचित इलाज कराने का निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिया है। साथ ही उनके शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की है।

दुर्घटना को देखते हुये एस0डी0आर0एफ0 की टीम मौके पर पहॅुच चुकी है और एन0डी0आर0एफ0 की टीम शीघ्र पहॅुच रही है। मुख्यमंत्री ने प्रधान सचिव गन्ना उद्योग श्री एस0 सिद्धार्थ एवं प्रधान सचिव श्रम संसाधन विभाग श्री दीपक कुमार सिंह को स्थल पर जाकर घटना की जांच करने का निर्देश दिया है।

******